

कदमा फार्म एरिया में पोइला वैशाख पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

## सोहाग चांदबदनी नाचोतो देखी...

झारखंड बांग्लाभाषी युवा मोर्चा और कदमा न्यू फार्म एरिया दुर्गा पूजा कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को न्यू फार्म एरिया दुर्गा पूजा मैदान में बांग्ला नव वर्ष पोइला बैशाख के स्वागत में वर्षबरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें खाद्य आपूर्ति एवं संसदीय कार्य मंत्री सरयू राय व टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष आर रवि प्रसाद बतौर अतिथि शरीक हुए। प्रसिद्ध बांग्ला फोक बैंड मोहुल फोक बैंड के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक बांग्ला लोकगीत व लोक नृत्य प्रस्तुत किए। इनमें लोकगीत 'सोहाग चांदबदनी नाचोतो देखी...', 'बंधु बिना प्राण बाचे ना...' और 'लालगढ़ेर लाल माटी' आदि ने श्रोताओं की खूब तालियां बटोरी।